तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 चटौद स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा, मरीजों को मिली नई सुविधा



12 लक्ष्य की स्मृति को जीवंत रखने बनेगा 'लक्ष्य सेतु'





खबर संक्षेप

वृद्धजन दिवस कार्यक्रम स्थगित

धमतरी। श्री जलाराम ज्ञान यज्ञ समिति द्वारा एक अक्टूबर को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। अगली तिथि बाद में घोषित की जाएगी। यह जानकारी समिति के कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली ने दी है।

परसट्टी में अखंड रामधुनी आज से

सिर्री। ग्राम परसट्टी (धूमा) में ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय अखंड रामधुनी का आयोजन 1 से 3 अक्टूबर तक होगा। प्रथम दिन 1 अक्टूबर गुरुवार को शाम 4 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं देव स्थापना की जाएगी। 2 अक्टूबर को राम नाम जाप का आयोजन होगा। 3 अक्टूबर शनिवार को शाम 4 बजे पूर्णाहुति एवं समापन कार्यक्रम रखा गया है। रात्रि में गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी (बालोद) की प्रस्तुति होगी।

सरबदा में सत्संग समारोह 2 से

जीजामगांव। ग्राम सरबदा में सत्संग समारोह का आयोजन 2 से 4 अक्टूबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। समारोह में संत समेन्द्र साहेब, साध्वी सुमन साहेब एवं संत कोमल साहेब आध्यात्मिक संदेश प्रदान करेंगे। आयोजकों ने बताया कि समारोह का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सद्भाव, भक्ति, आध्यात्मिक चेतना एवं सामाजिक एकता का संदेश पहुंचाना है।

सौंगा में रामधुनी सम्मेलन 3 से

मगरलोड। ग्राम सौंगा में 3 और 4 अक्टूबर को अखंड रामधुनी का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत सभापति नंदनी साहू होंगी। अध्यक्षता सरपंच वंदना साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि सोसायटी अध्यक्ष संतोष सोनी, विष्णुप्रसाद, नर्मदा लखन, पूर्व सरपंच भूषण साहू, तोरण साहू, मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, प्रेमलाल निषाद होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष गोवर्धन साहू, उपाध्यक्ष नरेश साहू, सचिव पवन खेमचंद साहू, कोषाध्यक्ष गंगाराम साहू, रामेश्वर साहू जुटे हुए हैं। यह जानकारी मुकेश साहू ने दी है।

जंगल के रास्ते 32 गोवंश को ओडिशा ले जा रहे 3 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सांकरा

पुलिस ने अवैध पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 32 गोवंश को तस्करों के कब्जे से मुक्त कराया है। पुलिस ने मवेशियों को जंगल के रास्ते ओडिशा के नवरंगपुर क्षेत्र की ओर ले जा रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मवेशियों को बिना पर्याप्त चारा-पानी दिए और क्रूरतापूर्वक लाठी-डंडों से हांका जा रहा था।

- बिना चारा-पानी के लाठी-डंडों से हांक रहे थे मवेशी

पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय के निर्देश पर जिले में अवैध तस्करी एवं असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मेचका पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बड़ी संख्या में मवेशियों को ग्राम अरसीकन्हार से खालगढ़ मार्ग होते हुए ओडिशा की ओर ले जाया जा रहा है। पुलिस टीम ने अरसीकन्हार-खालगढ़ मार्ग पर नहर से करीब 500 मीटर आगे जंगल क्षेत्र में घेराबंदी की। पुलिस ने मौके पर तीन लोगों को बड़ी संख्या में गोवंश को हांकते हुए पकड़ा। उनके कब्जे से कुल 32 गोवंश बरामद किए गए, जिन्हें सुरक्षित संरक्षण में लिया गया। पुलिस के मुताबिक बरामद 32 गोवंश की अनुमानित बाजार कीमत करीब 82 हजार रुपए है। इनमें 13 गाय, 6 बछड़े, 12 छोटे बछिया-बछड़े और एक बैल शामिल है।

बजरंग दल और हिंदू संगठन की मदद से मेचका पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

गरियाबंद जिले के रहने वाले हैं आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान घनश्याम सेन (40) पिता रामलाल सेन निवासी ग्राम जोबा, थाना सिटी कोतवाली जिला गरियाबंद, देवशरण (52) पिता रामलाल गाड़ा निवासी ग्राम केराबाहरा थाना सिटी कोतवाली जिला गरियाबंद तथा ओंकार ठाकुर (32) पिता लखेश्वर ठाकुर निवासी ग्राम जोबा थाना सिटी कोतवाली जिला गरियाबंद के रूप में हुई है।



तीन धाराओं में अपराध दर्ज

प्रार्थी की लिखित शिकायत एवं मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर मेचका थाने में आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1) (डी) तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 3(5) के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

15 युवक-युवती पकड़े गए, दो नाबालिग भी शामिल

कथित देह व्यापार के ठिकाने पर पुलिस की रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

समीपस्थ ग्राम श्यामतराई क्षेत्र के एक मकान में पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर 15 युवक-युवतियों को पकड़कर कथित देह व्यापार का पर्दाफाश किया है।

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में देह व्यापार की शिकायत लगातार सामने आ रही थी। पुलिस टीम उक्त संदिग्ध ठिकानों पर लगातार नजर रखी हुई थी। मंगलवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर से अर्जुनी थाना क्षेत्र के श्यामतराई क्षेत्र स्थित एक मकान में देह व्यापार चलने की सूचना मिली। पुलिस विभाग के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने अर्जुनी पुलिस के साथ मंगलवार की रात्रि बताए गए कथित देह व्यापार के ठिकाने पर दबिश दी। इस दौरान







मौके पर 15 लोगों को पकड़ा गया जिसमें से 7 युवक, 6 युवती व दो नाबालिग शामिल हैं। पुलिस सभी को हिरासत में लेकर थाने ले गई।

एएसपी डीसी पटेल का कहना है कि चूंकि श्यामतराई ग्रामीण इलाके में आता है इसलिए पीटा एक्ट का मामला नहीं बनता। पकड़े गए 7 युवक के खिलाफ धारा 170/128, 135-3 के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है। वहीं पकड़ी गई 6 युवतियों को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया है। कार्रवाई के दौरान कारोबार का संचालन कर रही महिला मौके से फरार हो गई। बताया जा रहा है कि उक्त महिला के खिलाफ पूर्व में भी सिटी कोतवाली में शिकायत हो चुकी है।

कई स्थानों पर संदिग्ध कारोबार की शिकायत

ज्ञात हो कि शहर के कुछ लॉज, होटल सहित बस्तर रोड, ग्राम श्यामतराई क्षेत्र में दो से अधिक स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें लगातार आती रहती हैं। इस कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों द्वारा प्रदेश के दूसरे जिलों तथा एमपी तक की लड़कियों को बुलाया जाता है। एडीशनल एसपी डीसी पटेल ने मीडिया को बताया कि धमतरी शहर के अगर किसी लॉज में इस तरह की घटना की सूचना मिलती है तो निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी।

धान की फसल पकने लगी जल्द शुरू होगी कटाई



पत्ती मोड़क, तनाछेदक और भूरा माहू के प्रकोप से किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

खरीफ फसल की बुआई करने वाले किसानों की मेहनत अब रंग लाने लगी है। धान के पौधों तेजी से बढ़ रहे हैं। पौधों में निकल आई बालियां पकने लगी है। किसानों का कहना है कि तैयार हो रही फसल की कटाई जल्द शुरू हो जाएगी। सिंचाई सुविधा संपन्न किसानों की फसल सप्ताह भर के भीतर कटनी शुरू हो जाएगी। डाही क्षेत्र में अधिकांश किसानों ने आईआर 64, 1001, सांभा, महेंद्र गोल्ड की बुआई की है। सैकड़ों खेतों में धान के पौधे लहलहा रहे हैं। बोड़रा के महेश पाल ने कहा कि अभी हाल के दिनों में हुई बारिश से धान फसल में पक्ती मोड़क, बंकी, तनाछेदक, भूरा माहू का प्रकोप हो गया है। कसही के गोपी ठाकुर ने बताया कि कीट व्याधियों से धान की फसल को बचाने के लिए अंतिम प्रयास किया जा रहा है। डाही के रामकुमार पटेल सेवानिवृत्त प्रधानपाठक का कहना है कि कीट व्याधियों से फसल को नुकसान हो रहा है। इसका असर धान के रेट पर भी फर्क पड़ेगा।

नहर में बह रही महिला की राहगीरों ने बचाई जान

धमतरी। मुख्य नहर में बह रही महिला को राहगीर किसी तरह निकालने में सफल हुए। समय रहते मदद मिल जाने से उसकी जान बच गई ।

मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों हुई भारी बारिश के कारण रूद्री बरॉज से मुख्य नहर में 2000 से 2500 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। इससे मुख्य नहर में पानी का बहाव काफी तेज है। मंगलवार की दोपहर एक पिकअप हरफतराई मुख्य नहर के पास गुजर रही थी। इसी दौरान पिकअप सवारों ने नहर के तेज बहाव में एक वृद्ध महिला को बहते देखा। पहले वे किसी का शव समझ रहे थे, लेकिन पानी में बह रहे वृद्धा द्वारा हाथ-पैर मारते देख पिकअप सवार 4 से 5 लोग उसे बचाने के प्रयास शुरु कर दिए। मजबूत डोर की मदद से वृद्ध महिला को किसी तरह किनारे तक लाया गया। आसपास के लोगों ने भी सहयोग किया। वृद्ध पूरी तरह से होश में नहीं थी। लोगों ने संजीवनी 108 को सूचना दी। धमतरी लोकेशन के ईएमटी चित्रसेन साहू व पायलट देवेंद्र संजीवनी 108 एम्बुलेंस के साथ तत्काल हरफतराई नहर पहुंचे जहां से वृद्धा को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। वृद्धा को तत्काल आईसीयू वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरु कर दिया गया। हालत सुधरने पर महिला ने अपना नाम सोमवती साहू पति दिनेश उम्र 70 वर्ष ग्राम पेंडरवानी पुलिस चौकी कंवर निवासी बताया। वृद्धा का अस्पताल में उपचार जारी है। वह सुरक्षित व स्वस्थ हैं।



- हरफतराई नहर की घटना

पैर फिसलने से नहर में गिर गई

वृद्धा सोमवती ने बताया कि वह अपने घर पेंडरवानी से धमतरी कैसे पहुंची, नहीं जानती। कोलियारी नहर के पास शौच के लिए गई थी। पानी के लिए नहर में उतरते समय पैर फिसलने से गिर गई। पुत्र ने बताया कि उसकी मां की दिमागी हालत कमजोर है। मंगलवार को नहाने के बाद वह कितना समय घर से निकली, पता नहीं चला।

सड़क हादसे में टिप्पर चालक की मौत

धमतरी। भारतमाला परियोजना के तहत सड़क निर्माण कार्य में लगा टिप्पर आगे जा रहे दूसरे टिप्पर से टकरा गया। इस घटना में टिप्पर चालक की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार विश्वनाथ देव पिता अनिल उम्र 54 वर्ष ग्राम साथिया थाना बरभूम पं. बंगाल निवासी टिप्पर चलाने का काम करता था। वह भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत कांकेर जिले के नरहरपुर क्षेत्र में चल रहे सड़क निर्माण कार्य में टिप्पर चलाने का काम कर रहा था। 28 सितंबर को विश्वनाथ टिप्पर चलाते हुए ग्राम जामगांव में टोल 62 से कैम्प 32 की ओर जा रहा था। उसके वाहन के सामने प्रोजेक्ट में लगे एक और टिप्पर जा रहा थी। इसी दौरान विश्वनाथ का टिप्पर सामने जा रहे टिप्पर के पीछे जोरदार टकरा गया। इस घटना में चालक विश्वनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए श्रीराम अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 28 सितंबर की रात्रि 7.30 बजे मौत हो गई। शव को जिला अस्पताल के मर्रच्यूरी में शिफ्ट कर परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के पं. बंगाल से पहुंचने के बाद चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।



वाटर लेवल को लेकर संशय, रबी सीजन में सिंचाई में आएगी समस्या

दरगहन एनीकट के टूटने से किसानों की बढ़ी चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

बारिश में दरगहन एनीकट के बहने से आसपास के किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि इस एनीकट में पानी रहने से आसपास के क्षेत्र का वाटर लेवल अच्छा रहता था। एनीकट के टूटने से यहां पर पानी स्टोर होने की गुंजाइश नहीं है। इससे रबी सीजन में किसानों को संकट का सामना करना पड़ सकता है।

गंगरेल बांध से महानदी में भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से दरगहन एनीकट टूट गया है। एनीकट इतना क्षतिग्रस्त हुआ है कि यहां पर पानी रूक नहीं रहा है। इस समस्या को लेकर किसान चिंतित है। किसानों ने बताया कि एनीकट में पानी रहने से आसपास के लोगों को गर्मी के मौसम तक इसका लाभ मिलता था। एनीकट में निस्तारी होती थी साथ ही आसपास के 10 किलोमीटर तक गांवों का वाटर लेवल अच्छा रहता था। अब पानी नहीं होने से किसानों के साथ अन्य लोगों को परेशानी उठानी पड़ सकती है।

किसानों ने बताया कि माघ पुन्नी मेला सहित अन्य अवसरों में यहां का पानी श्रद्धालुओं के स्नान के लिए उपयोगी साबित होता था, लेकिन अब उन्हें यह सुविधा भी नहीं मिलेगी। किसानों ने बताया कि एनीकट इतना क्षतिग्रस्त है कि इसकी मरम्मत की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने शासन-प्रशासन से इस एनीकट को नए सिरे से बनाने की मांग की है।

वाटर लेवल तेजी से नीचे गिरेगा

किसान बिसहत राम साहू, जयप्रकाश साहू, केतन यदु, अंकालु साहू, देवनारायण साहू, भारत साहू, हेमंत गंजीर, रोहित साहू, हेमू निषाद, पंचू साहू, कोमल साहू, कुलेश्वर साहू, भारत साहू ने बताया कि इस एनीकट में पानी रहने से 5 एचपी के मोटरपंप से 10 एकड़ से ज्यादा खेतों की सिंचाई हो जाती थी। भरी गर्मी में भी किसानों को नलकूप में पाइप बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ती थी, लेकिन अब समस्या आएगी। वाटर लेवल पर्याप्त होने पर किसानों ने नलकूप की गहराई भी कम रखी है। अब एनीकट में पानी नहीं रूकने से वाटर लेवल तेजी से नीचे जाएगा और किसानों को रबी सीजन में सिंचाई करने में परेशानी होगी।

जहां कभी पानी के लिए घंटों इंतजार था, वहां अब नल से बह रही है खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुबह की शुरुआत जब पानी भरने की चिंता से न हो, तो दिन की तस्वीर अपने आप बदल जाती है। नगरी विकासखंड के पंडरवाही गांव में आज कुछ ऐसा ही बदलाव दिखाई देता है। अंगिरा ऋषि पर्वत की वादियों और बालका नदी के प्राकृतिक परिवेश में बसे इस गांव में अब पानी के लिए दूर-दराज के स्रोतों तक जाने की मजबूरी नहीं रही। जल जीवन मिशन के माध्यम से गांव के 94 परिवारों तक घरेलू नल कनेक्शन पहुंचने के बाद स्वच्छ पेयजल अब ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी का सहज हिस्सा बन गया है।

सेवा संकल्प अभियान : जल जीवन मिशन ने नगरी के पंडरवाही में बदली जिंदगी की तस्वीर

घर की देहरी तक पहुंचा पानी, महिलाओं को मिला समय

जल जीवन मिशन का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव ग्रामीण महिलाओं के जीवन में दिखाई देता है। पानी लाने के लिए दूरी तय करने और भारी बर्तनों को ढोने की आवश्यकता कम हुई है। इससे महिलाओं के श्रम और समय दोनों की बचत हुई है। यही समय अब वे घरेलू कार्यों के साथ अन्य रचनात्मक एवं आयवर्धक गतिविधियों में लगा पा रही हैं। बच्चों के लिए भी इसका सकारात्मक असर दिखाई देता है।





सिर्फ कनेक्शन नहीं, व्यवस्था की निरंतर निगरानी भी

पंडरवाही में जलापूर्ति व्यवस्था को नियमित और सुचारू बनाए रखने में पंप ऑपरेटर चुमन पटेल की भूमिका महत्वपूर्ण है। वे निर्धारित समय पर मोटर पंप का संचालन कर ओवरहेड टैंक में पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित करते हैं। जलापूर्ति से संबंधित जानकारी मेरी पंचायत ऐप में दर्ज करने के साथ वे पाइपलाइन और जलापूर्ति से जुड़े उपकरणों की निगरानी भी करते हैं।

पंडरवाही में कभी घर के लिए पानी जुटाना ग्रामीण परिवारों की बड़ी चिंता हुआ करती थी। प्राकृतिक जलस्रोत होने के बावजूद गर्मी के मौसम में पानी की उपलब्धता और दूरी की समस्या बढ़ जाती थी।

गांव की निवासी सुपेन बाई और सुशीला बाई के लिए यह बदलाव केवल नल लगने तक सीमित नहीं है। वे बताती हैं कि पहले पानी की व्यवस्था में काफी समय और मेहनत लगती थी। अब घर के पास नल से पानी मिलने के कारण रोजमर्रा के काम आसान हो गए हैं। बचा हुआ समय परिवार, बच्चों और आयवर्धक गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा रहा है।

खबर संक्षेप



तीन दिन तक हुआ गणेशजी का विसर्जन

कोर्रा(भखारा)। अत्यधिक बारिश व मौसम खराब होने की वजह से भखारा कोर्रा क्षेत्र में लगातार तीन दिन तक गणेश विसर्जन का कार्यक्रम चला। ग्राम अमलीडीही में गणेश विसर्जन की भव्य झांकी निकाली गई। गीत, भजन के साथ गली का भ्रमण किया गया। रात 2 बजे गणेश जी का विसर्जन किया गया। गणेश विसर्जन झांकी को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस वर्ष लगातार बारिश के चलते गणेश विसर्जन की झांकियां लगातार तीन दिनों तक निकाली गईं।

श्री प्रिया को भाला तवाफेंक में स्वर्ण गोलाफेंक में रजत पदक

जीजामगांव। सरस्वती शिशु मंदिर कुरुद की कक्षा 11वीं गणित की छात्रा श्रीप्रिया ध्रुव पिता घनश्याम ध्रुव ग्राम दरबा ने क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए भाला फेंक एवं तवा फेंक में स्वर्ण पदक तथा गोला फेंक में रजत पदक हासिल किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अखिल भारतीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता गाजियाबाद (उप्र) के लिए किया गया है, जिसका आयोजन 31 अक्टूबर से 4 नवंबर तक होगा। श्रीप्रिया का लगातार तीसरी बार अखिल भारतीय स्तर की खेल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इससे पहले वर्ष 2024-25 में भी उनका चयन अखिल भारतीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ था। उनकी सफलता पर खेल प्रशिक्षक राहुल जगत एवं परिवारजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें आगामी अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।



■ क्षेत्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

निधन

तुलाराम साहू

मगरलोड। नगर पंचायत करेली बड़ी निवासी तुलाराम साहू 59 वर्ष का 28 सितंबर को निधन हो गया। वे जानकीबाई साहू के पति और भीष्म साहू, दीपक साहू एवं ओंकार साहू के पिताजी थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार नगर के मुक्तिधाम में हुआ। हरिराम, गौतराम, बोधन, मनहरण, राममिलन, एतुलाल, मनोज ने शोक व्यक्त किया है। अंतिम यात्रा में सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए और मृतात्मा को श्रद्धांजलि दी।



सांसद बघेल की अनुशंसा पर अस्पताल को मिला वाटर कूलर

चटौद स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा, मरीजों को मिली नई सुविधा

■ गर्भवती माताओं की स्वास्थ्य सेवाओं एवं रिकॉर्ड का हुआ निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चटौद में स्वास्थ्य सेवाओं, अस्पताल की व्यवस्थाओं एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मरीजों और उनके परिजनों के लिए पेयजल सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा में एक नग वाटर कूलर प्रदान किया गया।

सांसद विजय बघेल की अनुशंसा पर गणेशा फायर वर्क लिमिटेड रायपुर द्वारा उपलब्ध कराए गए वाटर कूलर से अस्पताल परिसर में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को शीतल पेयजल की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा अनंत उपाध्याय, मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष सिंह, रोशन ताम्रकार सांसद निज सचिव, खेमचंद साहू,सरपंच एवं मोनेश साहू उपसरपंच के सहयोग से उपलब्ध कराई गई।





गर्भवती माताओं की सेवाओं पर विशेष फोकस

निरीक्षण के दौरान राज्य से आई एनजीओ अरमान टीम ने गर्भवती एवं उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। टीम ने प्रथम तिमाही में गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, जननी पोर्टल, प्रधानमंत्री मातृ सुरक्षा योजना के तहत प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को होने वाली जांच एवं सोनोग्राफी, संभावित प्रसव वाली गर्भवती माताओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं तथा उच्च जोखिम वाली माताओं के उच्च संस्थानों में रेफरल की प्रक्रिया एवं रिकॉर्ड का अवलोकन किया।

रिकॉर्ड से लेकर साफ-सफाई तक लिया जायजा

टीम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न विभागों के रिकॉर्ड, मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, रख-रखाव एवं अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. सुभालक्ष्मी डायरेक्टर प्रोग्राम, डॉ. अनुजा जयरामन, डॉ. संतोष गुप्ता, प्रशांत, भास्कर, काशी, डॉ. प्रदीप अरमान एवं छत्तीसगढ़ की टीम ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय साहू एवं ग्रामीण चिकित्सा सहायक श्रीमती विनीता देवांगन से स्वास्थ्य सेवाओं एवं रिकॉर्ड संधारण की जानकारी ली।

व्यवस्थाओं की सराहना की

निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ-सफाई, रख-रखाव एवं मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की सराहना की गई। टीम ने बेहतर कार्य के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ को बधाई दी।

गोंड़वाना समाज ने दिया सामाजिक एकता और परंपराओं को सहेजने का संदेश

■ पाण्डरवाही में हर्षोल्लास से मनाया गया नवाखाई मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पाण्डरवाही (घठुला) में गोंड़वाना समाज पाण्डरवाही के तत्वावधान में नवाखाई मिलन समारोह का आयोजन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ किया गया। समाज के लोगों ने सामाजिक एकता, भाईचारे तथा सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सिहावा विस क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम रहीं। अध्यक्षता उपक्षेत्र विरनासिल्ली के अध्यक्ष शोभाराम नेताम ने की। विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य गरिमा नेताम, जपं सदस्य नगरी प्रेमलता नागवंशी, सर्व आदिवासी समाज नगरी के अध्यक्ष उमेश देव, घठुला सरपंच सरिता ध्रुव एवं पूर्व जपं सदस्य नगरी विकल गुप्ता थे। विशेष अतिथि ग्राम पटेल पाण्डरवाही वासुदेव नाग, शीतला समिति के अध्यक्ष एवं ग्रामीण अध्यक्ष पाण्डरवाही मानिकराम पटेल, संरक्षक गोवर्धन यादव, वार्ड पंच जैतराम नेताम, कुंतीबाई नेताम, हेमलता नेताम तथा शीतला समिति पाण्डरवाही के सदस्य जंगबहादुर मरकाम थे।



समारोह में नवाखाई पर्व की परंपरा, सामाजिक संस्कारों एवं सांस्कृतिक विरासत के महत्व पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के लोगों को एकजुट करने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक मूल्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

आंबा कार्यकर्ता की मदद से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत छिपली में आंगन मिलन सेवा संकल्प अभियान के तहत तीनों आंगनबाड़ी केंद्रों के संयुक्त तत्वावधान में प्राथमिक शाला परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थी महिलाओं ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ और अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान चित्रकला, रंगोली, हंडी फोड़, दीप प्रज्वलन एवं बिंदी लगाओ सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं और जरूरतमंद लोगों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयास की बात कही। इस अवसर पर सरपंच लिकेश्वरी पोटाई सहित पंचगण, सुपरवाइजर साधना बोदले, प्रधानपाठक मुक्तेश्वरी सोम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमजी अजीज फाउंडेशन के श्री वर्मा ने किया।

अटंग के तीन छात्रों का राज्यस्तरीय कुराश प्रतियोगिता में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

स्कूल गेम्स अंतर्गत संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा कुराश चयन प्रतियोगिता का आयोजन भाटापारा बलौदाबाजार में किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटंग के 3 छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं जिनमें अंडर 14 वर्ष थानेंद्र साहू पिता लीलेश्वर साहू, अंडर 17 वर्ष प्रमोद साहू पिता पुरुषोत्तम साहू, अंडर 17 वर्ष बालिका में चेतना साहू पिता राजूराम साहू शामिल हैं।



26 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा कुराश प्रतियोगिता 3 से 6 अक्टूबर तक बलौदाबाजार में होगी। खिलाड़ी 2 अक्टूबर को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए बलौदाबाजार के लिए रवाना होंगे।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य नूतनलाल चंद्राकर, शाला विकास समिति अध्यक्ष रोशन चंद्राकर, उपाध्यक्ष शांति साहू, शिवकुमार साहू, सरपंच गायत्री चेलक, जेएल साहू, एमके ध्रुव, प्रकाश साहू, प्रमोद यादव, जी. यादव, मिथलेश साहू, व्यायाम शिक्षक चेतनलाल साहू, योगेश साहू, उत्तम ध्रुव समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

गुप्त रोगी संपर्क करें

पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।

संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

अंचल की खबरें

सिर्री में श्री अखंड रामनाम सप्ताह जारी



सिर्री। ग्राम सिर्री में इस वर्ष भी 76वां अखंड रामनाम सप्ताह का आयोजन 27 सितंबर से शुरू हो चुका है जो 4 अक्टूबर तक चलेगा। आयोजन समिति द्वारा मंडलियों के लिए सांत्वना पुरस्कार भी रखा गया है। 12 मंडली बनाई गई है। हर मंडली 2 घंटे राम नाम का जाप करती है। रामधुनी में झांकी प्रस्तुति देने बाहर से मंडलियां पहुंच रही हैं। समापन दिवस पर रात्रि में जीवन ज्योति छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी जीर्राटोला की प्रस्तुति होगी।

आंगन मिलन कार्यक्रम में मितानिनों का हुआ सम्मान



कुकरेल(धमतरी)। ग्राम पंचायत कुकरेल के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता, खेलकूद, गोदभराई के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मितानिनों को श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य चंद्रकला साहू, मोहनदास मानिकपुरी, सरपंच ओंकार नेताम थे। मौके पर कार्यकर्ता सविता भारद्वाज, खेलिन नेताम, फगेश्वरी, अंतिमा सेन, सुकृता यादव, हेम मंडावी, गुलापा नेताम, जागेश्वरी ध्रुव, गंगा विश्वकर्मा, सुमन ध्रुव, संतोष साहू, कोमल पटेल, नंदकुमार, राधेश्याम, प्रवीण साहू मौजूद थे।

रासेयो के स्थापना दिवस पर स्वयंसेवकों का सम्मान



कोर्रा(भखारा)। शाउमावि कोसमर्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी प्राचार्य बालकृष्ण साहू थे। अध्यक्षता रासेयो कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर ने की। विशिष्ट अतिथि मानसिग जांगड़े , हरिश्चंद्र नेताम, उत्तरा गंजीर, अनिल कुमार साहू थे। प्रभारी प्राचार्य बालकृष्ण साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितम्बर 1969 को की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों को समाज से जुड़कर उनकी आने वाली समस्याओं का समाधान करना है। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि सत्र 2025-26 में नियमित गतिविधियों एवं विशेष शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवकों खिलेश्वरी साहू, लकेश्वरी साहू, करूणामय, नोमेश कुमार एवं समीक्षा साहू को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार साहू शिक्षक ने किया।

शाकंभरी बोर्ड अध्यक्ष का हुआ स्वागत



डांडेसरा(धमतरी)। शाकंभरी बोर्ड अध्यक्ष राजेन्द्र नायक पटेल का धमतरी जिला प्रवास के दौरान मरार पटेल समाज तहसील इकाई कुरूद क्षेत्र के समाज प्रमुखों द्वारा भाठागांव नर्सरी स्थल पर स्वागत किया गया। बगौद राज अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने शाल, श्रीफल भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मौके पर बगौद राज अध्यक्ष सियाराम पटेल भखारा, तहसील इकाई कुरूद अध्यक्ष धनेश्वर पटेल, जीजामगांव राज अध्यक्ष राधेलाल पटेल, डा. भोजराज पटेल, हुकुम पटेल, हिंछा पटेल, पुरूषोत्तम पटेल, भूपेंद्र पटेल, हेमकुमार पटेल समेत अन्य उपस्थित थे।

जिपं सीईओ जयंत नाहटा ने टीम के साथ लिया जायजा

सलोनी राहत शिविर में दिखा सेवा और समर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सलोनी स्थित बाढ़ राहत शिविर में सेवा और समर्पण का संगम नजर आया। शिविर में साफ-सफाई, स्वच्छता एवं भोजन व्यवस्था संतोषजनक और व्यवस्थित पाई गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा सहित प्रशासन की पूरी टीम के साथ लगातार जानकारी ले रहे थे। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का जायजा भी लिया।

राहत शिविर में प्रभावित परिवारों के लिए सुबह नाश्ते के साथ नियमित रूप से भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। शिविर परिसर में स्वच्छता एवं हाईजीन का विशेष ध्यान रखा गया है, ताकि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सके। बाढ़ की सूचना मिलते ही कुकरेल तहसील के राजस्व अमले ने तत्परता दिखाते हुए प्रभावित क्षेत्र में पहुंचकर राहत कार्यों की कमान संभाली। तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की पूरी टीम ने दिन-रात मौके पर मौजूद रहकर प्रभावित परिवारों की आवश्यकताओं की जानकारी ली और राहत शिविर की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रभावित लोगों को शिविर में लाने, उनके ठहरने, भोजन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में सहयोग करने के साथ ही स्थानीय स्तर पर उत्पन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए लगातार समन्वय किया गया।



जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की कमी न रहे तथा प्रभावित नागरिकों को भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा, स्वच्छता एवं सुरक्षित आश्रय सहित आवश्यक सुविधाएं प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जाएं।

Pride of Dhamtari

24 घंटे भर्ती सुविधा
- एनआईसीयु
- आईसीयु
- पीडियाट्रिक वार्ड
- टीकाकरण
- ओपीडी

बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय सावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

जूनियर एवं सीनियर वर्ग क्रिकेट चयन प्रक्रिया दो एवं तीन अक्टूबर

भानुप्रतापपुर। सत्र 2027-28 के लिए जिले के विभिन्न आयु वर्गों की क्रिकेट चयन प्रक्रिया 2 एवं 3 अक्टूबर को नवागाँव भावगीर स्थित एनसीजी क्रिकेट मैदान में आयोजित की जा रही है। चयन में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए चयन पूर्व ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है।

अंडर-14 एवं अंडर-16 वर्ग का चयन 2 अक्टूबर को प्रातः 08 बजे एवं अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग का चयन 3 अक्टूबर प्रातः 8 बजे होगा। अंडर-14 वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2012 से 31 अगस्त 2014 तथा अंडर-16 वर्ग के लिए कट ऑफ डेट 01 सितंबर 2011 से 31 अगस्त 2013 रखी गई है।

महतारी वंदन योजना बनी संतोषी के परिवार का सहारा

कांकेर। महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही उनके परिवार की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। दुर्गूकोंदल परियोजना अंतर्गत सेक्टर कोण्डे के ग्राम गुमड़ीडिही निवासी संतोषी जैन भी इस योजना से लाभान्वित होकर अपने बच्चों की पढ़ाई और बेटी के उज्ज्वल भविष्य के लिए आर्थिक रूप से मजबूत कदम उठा रही हैं। गुमड़ीडिही निवासी संतोषी जैन ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करने के लिए परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। योजना के तहत प्रत्येक माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है, जिसे संतोषी जैन बेहतर तरीके से उपयोग कर रही हैं। वह अपनी बेटी के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से सुकन्या समृद्धि खाता संचालित कर रही हैं, जिसमें हर माह 500 रुपये जमा करती हैं, शेष राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई एवं उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने में कर रही हैं।

नरहरपुर के वार्डों का 14 अक्टूबर को आरक्षण

कांकेर। नगर पंचायत नरहरपुर निर्वाचन 2026 के लिए वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही 14 अक्टूबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष में की जाएगी। कलेक्टर कुन्दन कुमार द्वारा वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर सरस्वती बंजारे को नोडल अधिकारी तथा नगर पंचायत नरहरपुर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी रोशन सिंह ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी सहायता के लिए सहायक ग्रेड-03 गणेश राम ध्रुव को दायित्व सौंपा गया है। छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिये वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के तहत विहित प्राधिकारी द्वारा नगर पंचायत नरहरपुर निर्वाचन-2026 के लिए वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया 14 अक्टूबर बुधवार को में दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत कांकेर के सभाकक्ष उपस्थित नागरिकों के समक्ष आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा और नपाध्यक्ष ज्योति की पहल लाई रंग

कुरुद को 6.31 करोड़ की महासौगात, 46 विकास कार्यों से बदलेगी शहर की सूरत



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

मोदी की गारंटी, विष्णु का सुशासन और अजय का विकास रथ इस त्रिवेणी के बूते कुरुद नगर विकास की नई छलांग लगाने जा रहा है। विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा और नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चंद्राकर की पहल पर राज्य शासन ने कुरुद को 6 करोड़ 31 लाख रुपए के कुल 46 विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी है।

इस भारी-भरकम बजट से शहर के वार्डों में ड्रेनेज, चमचमाती सड़कें, आधुनिक स्ट्रीट लाइट्स और निर्बाध पेयजल व्यवस्था का जाल बिछेगा।

ई-टिप्पर और शेडर मशीन से बढ़ेगी स्वच्छता व्यवस्था

कचरा प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने 5 इलेक्ट्रॉनिक टिप्पर के लिए 47.50 लाख, शेडर मशीन के लिए 5 लाख तथा बायो टॉयलेट के लिए 5 लाख का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा नालियों को ढंकने के लिए आरसीसी कव्हर ब्लॉक के कार्य भी विभिन्न वार्डों में किए जाएंगे। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना प्राथमिकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव और विधायक अजय चंद्राकर सहित शासन के प्रति नगरवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया है।

50-50 लाख से चमकेंगे प्रमुख मार्ग और तालाब क्षेत्र

शहर की प्रकाश व्यवस्था को बेहतर बनाने वार्ड 3 में चंडी मंदिर से भरदा चौक होते हुए इन्वेंचर स्कूल तक ऑक्टोगोनल स्ट्रीट पोल एवं एलईडी लाइट स्थापना के लिए 50 लाख तथा वार्ड 8 में जलसन तालाब, मरही तालाब और रामसागर तालाब के चारों ओर स्ट्रीट पोल एवं एलईडी लाइट के लिए 50 लाख का प्रावधान किया गया है। इससे प्रमुख मार्गों और तालाब क्षेत्रों की प्रकाश व्यवस्था बेहतर होगी।

वर्टिकल टर्बाइन व सेंट्रीफ्यूगल पंप से पेयजल व्यवस्था होगी मजबूत

नगर में निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिए 3 नग वर्टिकल टर्बाइन पंप की स्थापना पर 40.50 लाख तथा 2 नग सेंट्रीफ्यूगल पंप पर 16.04 लाख खर्च प्रस्तावित है। वहीं विभिन्न वार्डों में सीसी रोड और आरसीसी नाली के छोटे-बड़े कार्य भी होंगे। वार्ड 15 में मॉडल इंजीनियरिंग से ध्रुव घर तक सीसी रोड के लिए 9.22 लाख, वार्ड 11 में पप्पू ध्रुव से शीतला मंदिर तक 7.95 लाख तथा वार्ड 5 में विभिन्न मार्गों पर सीसी रोड के लिए 9.65 लाख का प्रावधान किया गया है।

नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने बताया कि नगरपालिका का दर्जा मिलने के बाद कुरुद के विकास को नई दिशा मिली है। सभी वार्डों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर 46 कार्य स्वीकृत कराए गए हैं। वार्ड 3 में शंकर ट्रेडर्स से पवन चंद्राकर व्यास होते हुए हनुमान मंदिर तक आरसीसी नाली के लिए 80.70 लाख, वार्ड 1 में एसबीआई से छोटी नहर तक 53.17 लाख तथा वार्ड 12 में मंगलम हार्डवेयर से छोटी नहर तक नाली निर्माण के लिए 46.08 लाख का प्रावधान है। वार्ड 15 के कन्हारपुरी रोड में आरसीसी नाली के लिए 19.36 लाख और सीसी रोड के लिए 29.44 लाख रखे गए हैं।

स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का दिया संदेश



धमतरी। विश्व हृदय दिवस पर जिला चिकित्सालय स्थित आयुष एनसीडी क्लिनिक द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुष चिकित्सक डॉ. जयलता साहू ने कहा कि हृदय रोग एवं अन्य गैर-संचारी रोग वर्तमान समय में स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण चुनौती हैं। उन्होंने एनसीडी के प्रमुख जोखिम कारकों की पहचान, समय पर स्वास्थ्य जांच और रोगों की रोकथाम के लिए संतुलित आहार-विहार एवं स्वस्थ दिनचर्या अपनाने पर जोर दिया। डॉ. उत्प्रेक्षा जायसवाल योग एवं प्राकृतिक चिकित्सक ने हृदय स्वास्थ्य में योग एवं प्राणायाम की भूमिका पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग केवल आसनों तक सीमित नहीं है, बल्कि आसन, प्राणायाम, ध्यान एवं विश्राम के माध्यम से शरीर और मन के संतुलन में सहायक समग्र जीवनशैली पद्धति है। डॉ. उत्प्रेक्षा जायसवाल ने हृदय स्वास्थ्य के लिए उपयोगी सरल योगासन, श्वसन अभ्यास एवं रिलैक्सेशन तकनीकों का योग डेमोंसट्रेशन भी कराया।

कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डॉ. कृपाराम ठाकुर, सिविल सर्जन डॉ. आदित्य सिन्हा, आरएमओ डॉ. मेहताब अहमद, आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. सरिता पचौरी, मेट्रन पार्वती नेताम, टकेश्वर आयुष एनसीडी स्टाफ सहित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

बिजनेस साइट

स्वदेशी शिल्प महोत्सव का आज शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिलेवासियों को देशभर के पारंपरिक हथकरघा एवं हस्तशिल्प उत्पादों की विविधता एक ही स्थान पर देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। मिशन ग्राउंड में 1 से 25 अक्टूबर तक स्वदेशी शिल्प महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का शुभारंभ 1 अक्टूबर को शाम 6 बजे महापौर रामू रोहरा करेंगे।

प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यों के कारीगरों और बुनकरों द्वारा तैयार स्वदेशी उत्पादों की आकर्षक श्रृंखला उपलब्ध रहेगी। इसमें मेरठ-हरिद्वार के खादी कुर्ते व शर्ट, बनारसी, भागलपुरी और कश्मीरी साड़ियां, ड्रेस मटेरियल, लेडीज कुर्तियां, खादी गमछे, पानीपत के मोजे, सीतापुर की दरियां सहित विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुएं शामिल हैं।

आयोजकों के अनुसार महोत्सव का उद्देश्य भारतीय हथकरघा, खादी और हस्तशिल्प को बढ़ावा देना तथा कारीगरों और बुनकरों को बाजार उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में लोगों को पारंपरिक कला-संस्कृति से जुड़ने के साथ सीधे खरीदारी का अवसर भी मिलेगा।

प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक खुली रहेगी। सभी स्टालों पर क्रेडिट और डेबिट कार्ड से भुगतान की सुविधा उपलब्ध रहेगी। आयोजकों ने शहरवासियों से परिवार सहित पहुंचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी करने की अपील की है।

युवा कांग्रेस चुनाव का मतदान खत्म, स्क्रूटनी के बाद आएगा परिणाम

- जिले में अध्यक्ष पद के लिए 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में
- धमतरी विधानसभा में 16,881, कुरुद में 10,442 और सिहावा में 11,999 वोट दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव के तहत 30 अगस्त से शुरू हुई ऑनलाइन सदस्यता और मतदान प्रक्रिया 29 सितंबर की शाम 5 बजे पूरी हो गई। मतदान समाप्त होने के बाद अब प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं की नजर स्क्रूटनी, सत्यापन और अंतिम परिणाम पर टिक गई है। राज्य में ऑनलाइन मतदान प्रक्रिया निर्धारित समय तक चली।

धमतरी जिले में जिला अध्यक्ष पद के लिए कुल 8 प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। इनमें 6 प्रत्याशी धमतरी विधानसभा, एक प्रत्याशी कुरुद विधानसभा और एक प्रत्याशी सिहावा विधानसभा से चुनाव लड़े। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार धमतरी विधानसभा में 16,881, कुरुद में 10,442 और सिहावा विधानसभा में 11,999 वोट दर्ज किए गए हैं।

मतदान प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव से संबंधित रिकॉर्ड और आंकड़ों को अब संगठनात्मक जांच के अगले चरण में ले जाया जाएगा। प्रत्याशियों की ओर से कराई गई सदस्यता तथा मतदान से जुड़े रिकॉर्ड की स्क्रूटनी और आवश्यक सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद चुनाव प्राधिकरण की प्रक्रिया पूरी होने पर अंतिम परिणाम घोषित किए जाएंगे।

सूत्रों के अनुसार अंतिम परिणाम घोषित होने में समय लग सकता है। ऐसे में प्रत्याशियों को अब चुनावी प्रक्रिया के अगले चरण और आधिकारिक घोषणा का इंतजार करना होगा।

परिणाम पर टिकी निगाहें

मतदान खत्म होने के बाद जिला अध्यक्ष पद के सभी प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच परिणाम को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि किस प्रत्याशी के पक्ष में अंतिम परिणाम जाएगा, यह स्क्रूटनी और सत्यापन के बाद ही स्पष्ट होगा। युवा कांग्रेस चुनाव को लेकर पहले भी विभिन्न स्तरों पर शिकायतें और प्रक्रिया संबंधी सवाल सामने आए हैं, इसलिए अब स्क्रूटनी के दौरान रिकॉर्ड की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

युवा कांग्रेस चुनाव में फर्जी मतदान के आरोप, जांच की मांग

जिला युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में कथित फर्जी मतदान, पहचान सत्यापन में गड़बड़ी और चुनाव प्रक्रिया में सेंधमारी के आरोप सामने आए हैं। हरिभूमि की पड़ताल से खुलासा हुआ है कि महज आठ रुपये में ओटीपी खरीदकर तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आभासी नंबरों के जरिए पहचान का दुरुपयोग कर मतदान किया गया। प्रत्याशियों ने जांच की मांग की है। बताया गया है कि मतदान के दौरान करीब 15 मिनट के अंतराल में 50-50 की संख्या में संदिग्ध वोट डाले जाने की बात सामने आई। इसके साथ ही मतदान के लिए इस्तेमाल की जा रही चुनाव प्रणाली और आवेदन में तकनीकी गड़बड़ी तथा उसे हैक किए जाने के आरोप भी लगाए गए हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों सहित अन्य उम्मीदवारों ने सोशल मीडिया और संबंधित अधिकारियों के समक्ष फर्जी सदस्यता तथा फर्जी मतदान की शिकायत की है। उनका कहना है कि चुनाव प्रक्रिया में यदि कोई अनियमितता हुई है तो निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाई जाए। इस मामले को लेकर विपक्षी दल ने वीडियो जारी कर कांग्रेस पर तंज कसा है। अब जांच और सत्यापन के बाद ही आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

क्वांर नवरात्रि की तैयारी जोरों पर

अंवरी। जोरातराई (अ) क्वांर नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारी जोरों पर चल रही हैं। नवरात्रि पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्राम जोरातराई (अ) के चंडी मंदिर में इस वर्ष भी मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया जाएगा। यह जानकारी पुजारी गुलाबराम निषाद ने दी।

शिविर में 137 पशुओं का उपचार, 229 का लम्पी टीकाकरण

जीजामगांव। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत ग्राम बिरेझर में पशुधन विकास विभाग द्वारा निःशुल्क पशु चिकित्सा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरपंच द्वारा किया गया। इस अवसर पर गांव के चरवाहों का श्रीफल एवं गमछा भेंटकर सम्मान किया गया।

शिविर के दौरान पशुधन के स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण को लेकर व्यापक सेवाएं प्रदान की गईं। 188 बकरियों का पीपीआर टीकाकरण तथा 229 गौवंश एवं भैंसवंशीय पशुओं का लम्पी रोग से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया। 137 पशुओं का उपचार, 189 पशुओं को दवा वितरण और 226 पशुओं को कृमिनाशक दवा पिलाई गई। इसके अलावा शिविर में 21 पशुओं का बधियाकरण, 2 पशुओं का गर्भ परीक्षण तथा 1 पशु का झनकहा ऑपरेशन किया गया।



पशु पोषण एवं पशुपालन को लेकर जताई चिंता

कार्यक्रम में सरपंच ने पशुपालन के प्रति ग्रामीणों की घटती रुचि तथा पशुओं के उचित पोषण को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पशुपालकों से पशुधन की बेहतर देखभाल और पोषण पर विशेष ध्यान देने की अपील की। विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र सिन्हा ने पशुपालकों को पशुधन विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।





खबर संक्षेप

बायोडाटा 10 अक्टूबर तक जमा होगा

धमतरी। छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर अंतर्गत आने वाले 40 गांवों के सामाजिक विवाह योग्य युवक-युवती का पुस्तक प्रकाशन किया जाएगा। पाली अध्यक्ष प्रकाश निषाद, उपाध्यक्ष लखन निषाद, महासचिव परदेशी निषाद ने बताया कि पुस्तक प्रकाशन से शादी के लिए युवक-युवती ढूंढने में समय और धन की बचत होगी। पाली परिक्षेत्र के ग्रामीण अध्यक्ष, सचिव, परिक्षेत्रीय पंच अपने-अपने गांव के शादी योग्य युवक-युवती का बायोडाटा एकत्रित कर 10 अक्टूबर तक मोबाइल व स्वयं के माध्यम से जानकारी भेज सकते हैं। छत्तीसगढ़ निषाद समाज द्वारा पीएससी निःशुल्क कोचिंग चयन परीक्षा 4 अक्टूबर रविवार को 12 बजे रायपुर में आयोजित की गई है।

जहर सेवन कर वृद्धा ने की आत्महत्या

धमतरी। बीमारी से पीड़ित एक वृद्धा ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम मुल्ले निवासी सुखिया बाई टण्डन पति घसियाराम उम्र 61 वर्ष की 6-7 वर्ष से दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वृद्धा साइटिका की बीमारी से पीड़ित होने के कारण चल नहीं पाती थी। मंगलवार की शाम वृद्धा घर पर कीटनाशक दवाई का सेवन कर उल्टी कर रही थी। परिजन तत्काल वृद्धा को उपचार के लिए कुरूद अस्पताल ले गए। रिफर करने पर जिला अस्पताल ले गए। वहां से वृद्धा को मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान वृद्धा की मंगलवार की देर रात्रि मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

महापौर ने कहा : हादसे से सबक लेकर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करेंगे

लक्ष्य की स्मृति को जीवंत रखने बनेगा 'लक्ष्य सेतु'

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सोरिद-बागतराई नाला में हुए दर्दनाक हादसे में मासूम लक्ष्य साहू की तलाश के लिए नगर निगम, जिला प्रशासन, पुलिस और बचाव दल द्वारा लगातार चलाए गए अभियान के बाद सोमवार की शाम बच्चे का शव बरामद किया गया। इस घटना को लेकर महापौर रामू रोहरा ने प्रेस वार्ता लेकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की स्मृति को जीवंत रखने के लिए सोरिद-बागतराई नाला पर बनने वाले नए पुल का नाम लक्ष्य सेतु रखा जाएगा।

महापौर श्री रोहरा ने कहा कि लक्ष्य को बचाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर हरसंभव प्रयास किए गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, नगर निगम और बचाव दल ने तलाश अभियान शुरू किया। रात में भी रेस्क्यू जारी रखा गया और पुल के हिस्से को हटाकर पाइपों तथा नाले में बच्चे की तलाश की गई। सोमवार की सुबह दोबारा अभियान शुरू कर पाइप और पुल के हिस्सों को हटाया गया। लगातार प्रयास के बाद शाम करीब 5.30 बजे बच्चे के पाइप में फंसे होने का पता चला।

उन्होंने बताया कि लक्ष्य चौथे नंबर के पाइप में फंसा मिला। इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से शव को जिला अस्पताल भेजा गया। महापौर ने कहा कि इस कठिन समय में नगर निगम प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ परिवार के साथ खड़ा रहा और रेस्क्यू अभियान की लगातार जानकारी ली जाती रही।

रामू रोहरा ने कहा कि यह घटना सभी के लिए एक सीख है। बारिश के दौरान नालों और पुल-पुलियों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक सुरक्षा उपाय किए जाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उन्होंने कहा कि लक्ष्य सेतु केवल एक पुल नहीं, बल्कि मासूम लक्ष्य की स्मृति से जुड़ा भावनात्मक प्रतीक होगा। श्री रोहरा ने बताया कि मृतक के परिवार को 4 लाख की मुआवजा राशि दिलाने जिला प्रशासन से निवेदन करेंगे।

मां दंतेश्वरी के आशीर्वाद से निकली भाजयुमो की बाइक रैली का धमतरी में जोरदार स्वागत

- कुणाल ठाकुर बोले : धमतरी के उत्साह ने बढ़ाई कार्यकर्ताओं की ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



मां दंतेश्वरी के आशीर्वाद के साथ बस्तर से राजधानी रायपुर की ओर सेवा संकल्प अभियान के तहत निकली भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की मोटरसाइकिल रैली का धमतरी पहुंचने पर रायपुर रोड स्थित महालक्ष्मी बिजनेस पार्क के सामने भाजपा प्रदेश समिति सदस्य पं. राजेश शर्मा के नेतृत्व में आत्मीय स्वागत किया गया।

रैली का नेतृत्व कर रहे भाजयुमो प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर ने कहा कि धमतरी में मिला भव्य स्वागत कार्यकर्ताओं और युवाओं के उत्साह को और बढ़ाने वाला है। उन्होंने कहा कि इसी ऊर्जा और उत्साह के साथ रैली राजधानी रायपुर पहुंचेगी और वहां भी युवा साथियों के बीच यही जोश दिखाई देगा। ठाकुर ने स्वागत के लिए पं. राजेश शर्मा सहित सभी कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

मौके पर भाजपा जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, आमदी मंडल अध्यक्ष विनय जैन, विकास शर्मा, हर्ष अग्रवाल, पारस यादव, लक्की डागा, विक्की यादव, राजा सोनी, ननकू महाराज, आर्यन सोनी, बाबू, सत्तू यादव, सूरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बस्तर के बदले वातावरण का संदेश : राजेश शर्मा

इस अवसर पर पं. राजेश शर्मा ने कहा कि आज बस्तर में बदलते वातावरण और नक्सलवाद के खिलाफ मिली सफलता का सकारात्मक प्रभाव दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि एक समय नक्सल भय के कारण लोग घरों से बाहर निकलने में भी आशंकित रहते थे। हिंसा के साए से निकलकर आज बस्तर विकास के नई उड़ान को छू रहा है। कल जिन हाथों में हथियार थे, आज उन हाथों में हुनर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संकल्प के रूप में नक्सलवाद का अंत का वायदा किया। देश के गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद के खात्मे की डेडलाइन तय की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव और गृहमंत्री विजय शर्मा ने नक्सलवाद को मिशन के रूप में लिया और आज बस्तर नक्सलमुक्त विकास की ओर बढ़ रहा है।

संगठन की सक्रियता का दिखा असर

पं. शर्मा ने कहा कि भाजयुमो जिलाध्यक्ष शुभांक मिश्रा के कुशल संचालन में जिलेभर में संगठन द्वारा लगातार सराहनीय गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। धमतरी में बाइक रैली के स्वागत के दौरान युवाओं की बड़ी मौजूदगी इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रही।

राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग में धमतरी के खिलाड़ियों का दबदबा

धमतरी। विगत दिनों भिलाई में राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता हुई जिसमें धमतरी के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। डॉ विकास अग्रवाल ने मास्टर कैटेगरी 65 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया, वहीं डॉ रूपिका अग्रवाल ने मास्टर वर्ग 52 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। सीनियर वर्ग 64 किलो में अभय यादव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रमोद साहू ने 84 किलो वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

इस उपलब्धि पर पावर लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष लोकेश पवार, उपाध्यक्ष भागवत यादव, योगेश साहू, नंदू लोधी, केतन सोनकर, कोच मनीष चौधरी, कोच



सिद्धार्थ तिवारी, रितेश साहू समेत खेल प्रेमियों ने हर्ष जताया है। यह जानकारी कोच देवेंद्र यादव, टिक्की निर्मलकर ने दी है।

सेवा संकल्प बना बच्चों की खुशियों का उत्सव : अंगिरा

धमतरी। सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम अरौद (ली) के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव शामिल हुईं और बच्चों एवं माताओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान बच्चों के लिए ड्राइंग, कुर्सी दौड़ सहित विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिता हुई। स्वस्थ एवं सक्रिय बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिनों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ती है। मौके पर सरपंच श्रीमती टिकेश्वरी साहू, पंच भामा बाई, लोकेश्वरी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता युगलकिशोरी, नोमिता सिन्हा, जया नेताम, ललिता साहू, पर्यवेक्षक टिंकी साहू, सहायिका गायत्री, सतरुपा, मितानिन पार्वती, सुमित्रा, रामबाई, तारामती, रामदुलारी, अहिल्याबाई, रेशमा, मनीषा, दुलेश्वरी, हेमलता, योगिता, योगेश्वरी, पूर्णिमा उपस्थित थे।



कुपोषण मुक्त छग के निर्माण में आंबा कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

औद्योगिक वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में सेवा संकल्प आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि नील कुमार पटेल संयोजक विधि प्रकोष्ठ, नंदू लोधी संयोजक झुगी झोपड़ी प्रकोष्ठ, अर्चना आर्य, गौरी राजपूत, उषा ठाकुर थे। अपने उद्बोधन में श्री पटेल ने कहा कि बच्चों के जीवन के प्रथम 1000 दिन का पोषण उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास की नींव है। गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं 0 से 6 वर्ष के बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार देना आवश्यक है।

कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ के निर्माण में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। बच्चों के लिए पोषण थाल का आयोजन किया गया, जिसमें चावल, दाल, सब्जी, रोटी, फल एवं केला परोसा गया। स्वच्छता एवं हाथ धुलाई के महत्व के बारे में बताया गया। केन्द्र में पोषण प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें स्थानीय मोटा अनाज, हरी साग-सब्जियों एवं पोषक आहार से बने व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया।

बोड़रा में रामधुनी 2 अक्टूबर से

धमतरी। ग्राम बोड़रा (स) में तीन दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 2 से 4 अक्टूबर तक किया जाएगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ 2 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। इस अवसर पर सरपंच सुमन साहू मुख्य अतिथि तथा उपसरपंच रविकुमार साहू अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि उषा बंशी साहू, फुलवा साहू, उकेश्वरी साहू और अशोक गुप्ता होंगे। 3 अक्टूबर के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा होंगे। जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू अध्यक्षता करेंगी। दिलीप सेन, आनंद मेश्राम और मुकेश सरकार विशिष्ट अतिथि होंगे। समापन समारोह 4 अक्टूबर को होगा। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे। विधायक धमतरी ओंकार साहू अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि तारिणी चन्द्राकर, आनंद पवार, खिलेन्द्र ध्रुव, ब्रजेश जगताप, हरनारायण साहू, शिव चन्द्राकर और घनश्याम साहू होंगे।





